दिन– शनिवार दिनांक– 22 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. नवगठित एनडीए सरकार के छब्बीस मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को मिली गृह विभाग की अहम जिम्मेदारी।

02. जदयू के बिजेन्द्र प्रसाद यादव वित्त और ऊर्जा समेत पांच विभागों के काम संभालेंगे। भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल को मिला उद्योग विभाग।

03. बेहतर वेतन, जन सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा के वादे के साथ देश में नई श्रम संहिताएँ लागू।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान– कल से होगी ठंड में बढ़ोतरी। न्यूनतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की आ सकती है गिरावट।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में नवगठित एनडीए सरकार के छब्बीस मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास सामान्य प्रशासन और मंत्रिमंडल सचिवालय के अलावा ऐसे सभी विभाग होंगे, जो किसी को आवंटित नहीं हैं। भाजपा को पहली बार गृह विभाग मिला है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी गृह विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को भूमि और राजस्व विभाग के अलावा खान और भूतत्व विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। मंगल पांडेय स्वास्थ और दिलीप जायसवाल उद्योग मंत्री बनाए गये हैं। वहीं, नितिन नवीन को पथ निर्माण विभाग और रामकृपाल यादव को कृषि विभाग की जिम्मेदारी सौंपा गया है। सुरेन्द्र मेहता को पशु और मत्स्य संसाधन विभाग, नारायण प्रसाद को आपदा प्रबंधन विभाग, रमा निषाद को पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, लखेन्द्र पासवान को अनुसूचित जाति –जनजाति कल्याण विभाग और संजय सिंह टाईगर को श्रम संसाधन विभाग का मंत्री बनाया गया है।

इसके अलावा अरूण शंकर प्रसाद को कला–संस्कृति और पर्यटन विभाग तथा प्रमोद चंद्रवंशी को सहकारिता विभाग के साथ पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग की जिम्मेदारी दी गयी है। श्रेयसी सिंह को खेल के साथ–साथ सूचना प्रावैधिकी विभाग का मंत्री बनाया गया है। इधर, जदयू कोटे से विजय कुमार चौधरी को संसदीय कार्य, सूचना और जनसम्पर्क, जल संसाधन और भवन निर्माण विभाग की जिम्मेदारी दी गयी है। बिजेन्द्र प्रसाद यादव को वित्त और वाणिज्य कर विभाग के अलावा ऊर्जा, मद्य निषेध उत्पाद और निबंधन तथा योजना और विकास विभाग का मंत्री बनाया गया है। वहीं, श्रवण कुमार को ग्रामीण विकास और परिवहन विभाग, अशोक चौधरी को ग्रामीण

कार्य विभाग, लेशी सिंह को खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग, मदन सहनी को समाज कल्याण विभाग, सुनील कुमार को शिक्षा विभाग और जमा खान को अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की जिम्मेदारी दी गयी है।

वहीं, लोक जनशक्ति पाटी, रामविलास कोटे से संजय सिंह को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग और संजय पासवान को गन्ना उद्योग विभाग की जिम्मेदारी दी गयी है। हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन को फिर से लघु जल संसाधन विभाग का मंत्री बनाया गया है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के दीपक प्रकाश को पंचायती राज मंत्री बनाया गया है।

---

पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा है कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी गयी है उस पर वे खड़ा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

---बाईट---

---

प्रदेश में नई सरकार के गठन के बाद विधानसभा का विशेष सत्र जल्द बुलाये जाने की सम्भावना है। विशेष सत्र के मद्देनजर पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर त्याग राजन एस.एम. ने जिला, अनुमंडल और प्रखंड स्तरीय सभी अधिकारियों के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से विधानसभा सत्र की समाप्ति तक रोक लगा दी है।

---

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मकर संक्रांति के बाद बिहार यात्रा की शुरूआत करेंगे। श्री पासवान ने पटना में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिसम्बर महीने में संसद सत्र होने के कारण यात्रा इसके बाद आयोजित होगी। श्री पासवान ने कहा कि विपक्ष को हार की जिम्मेदारी किसी और पर डालने के बजाय उसे विनम्रता से स्वीकार करना चाहिए।

---बाइट---

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान दो लाख से अधिक डाक मत पत्रों में से चौबीस हजार को अमान्य घोषित किया गया। आयोग के अनुसार कुल डाक मतों की तुलना में अस्वीकृत डाक मतों का प्रतिशत बारह फीसदी रहा। वहीं, नोटा विकल्प के तहत नौ लाख से अधिक मत डाले गये। आयोग ने कहा है

कि चुनाव में कुल पांच करोड़ दो लाख मत डाले गये। इनमें से नौ लाख चौंतीस हजार मत अवैध पाये गये।

———————————————————

केंद्र सरकार ने देश में दशकों पुराने मौजूदा श्रम कानूनों को सरल और कारगर बनाने के उद्देश्य से चार नई श्रम संहिताओं को लागू कर दिया है। श्रम और रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि नई श्रम संहिताएं देश के कार्यबल के लिए बेहतर वेतन, सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करेंगे। वेतन संहिता–दो हजार उन्नीस, औद्योगिक सम्बंध संहिता–दो हजार बीस, सामाजिक सुरक्षा संहिता–दो हजार बीस और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा कार्यदशा संहिता–दो हजार बीस लागू हो गई हैं। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कहा है कि सरकार ने पिछले एक दशक में सामाजिक–सुरक्षा कवरेज का विस्तार किया है, जो वर्ष 2015 में कार्यबल के 19 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 64 प्रतिशत से अधिक हो गया है। मंत्रालय ने बताया है कि चार श्रम संहिताओं का कार्यान्वयन की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जो सामाजिक–सुरक्षा के दायरे को और व्यापक बनाएगा। साथ ही राज्यों और क्षेत्रों में इससे होने वाले लाभ को भी अंतरनिहित करेगा। नए श्रम संहिता सुधारों में सभी श्रमिकों के लिए समय पर न्यूनतम मजदूरी, युवाओं के लिए नियुक्ति पत्र, महिलाओं के लिए समान वेतन और सम्मान प्रदान करेगा। इसके अलावा यह सुधार 40 करोड़ श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा और एक वर्ष के रोजगार के बाद निश्चित अवधि के कर्मचारियों के लिए ग्रेच्युटी की गारंटी भी प्रदान करेगा। ये सुधार 40 वर्ष से अधिक आयु के श्रमिकों के लिए मुफ्त वार्षिक स्वास्थ्य जांच, ओवरटाइम के लिए दोगुना वेतन, जोखिम भरे क्षेत्रों में कार्य करने वाले श्रमिकों के लिए पूर्ण कवरेज स्वास्थ्य सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार उनके लिए सामाजिक न्याय की गारंटी भी सुनिश्चित करेगा। रितिका गुप्ता के साथ अमन यादव आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस कदम की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा तथा राष्ट्र के आर्थिक विकास को सशक्त बनाएगा। श्री मोदी ने इस निर्णय को स्वाधीनता के बाद अत्यधिक व्यापक और प्रगतिशील तथा श्रम केंद्रित सुधारों में से एक बताया।

———————————————————

शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी निजी और सरकारी शिक्षण संस्थानों में आवारा कुत्तों के प्रवेश पर रोक लगाने और सुरक्षा उपाय करने के लिए दिशा–निर्देश जारी किये हैं। दिशा–निर्देश के अनुसार संस्थान परिसर में कुत्तों को खाना देना पूरी तरह वर्जित कर दिया गया है। परिसर में इसकी मनाही वाले बोर्ड लगाने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही बचे हुये मध्याह्न भोजन का निपटारा सुरक्षित तरीके से करने को कहा गया है। इसके अलावा आठ सप्ताह के भीतर सभी शैक्षणिक संस्थानों के परिसर की घेराबंदी कराने के भी निर्देश दिये गये हैं।

———————————————————

राज्य के सभी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कौशल विकास केन्द्र खोले जायेंगे। श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद ने इस संबंध में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि बिहार कौशल विकास मिशन के तहत इन केन्द्रों की स्थापना की जानी है। विभाग ने सभी संबंधित विद्यालयों में केन्द्र खोलने के लिए आवश्यक स्थान उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

———————————————————

शिक्षा विभाग ने कहा है कि अन्तर जिला स्थानांतरित किये गये सत्ताईस हजार एक सौ इकहत्तर शिक्षकों की तैनाती सोलह से इकतीस दिसम्बर के बीच उनकी पसंद के विद्यालयों में कर दी जायेगी। इसके लिए इन शिक्षकों से ई–शिक्षा कोष पोर्टल पर पांच–पांच प्रखंडों के विकल्प मांगे जायेंगे। इस विकल्प के आधार पर पहले प्रखंड और फिर विद्यालय का आवंटन किया जायेगा।

———————————————————

राज्य के सभी जिलों में बाल अधिकार संरक्षण आयोग की शाखा खुलेगी। आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर अमरदीप ने बताया कि इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि आयोग की इन शाखाओं में बच्चे अपनी शिकायत दर्ज करवा सकेंगे। इसके साथ ही ऑनलाईन शिकायत दर्ज करवाने की सुविधा भी दी जायेगी। डॉक्टर अमरदीप ने बताया कि जिला स्तर पर दर्ज शिकायतों की सुनवाई स्थानीय स्तर पर ही की जायेगी।

———————————————————

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा है कि बच्चे आज के समाज में सक्रिय योगदानकर्ता हैं और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए लगातार काम होना चाहिए। पटना के राजभवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये श्री खां ने अभिभावकों, शिक्षकों और समाज से बच्चों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की है।

———————————————————

प्रदेश में कल से ठंड में बढ़ोतरी का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग ने कहा है कि न्यूनतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। हालांकि अधिकतम तापमान सामान्य बना रहेगा।

———बाईट———

———————————————————

मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच के पारा मेडिकल छात्रों से रैगिंग करने के आरोप में प्रचार्य प्रोफेसर आभा रानी सिन्हा ने सात छात्रों को पन्द्रह दिनों के लिए कक्षा से निलंबित कर दिया गया है। ये सभी द्वितीय वर्ष के छात्र हैं।

---

दरभंगा जिले के कुशेश्वर स्थान थाना क्षेत्र के बेर चौक और हरिनगर के बीच एक पिकअप वैन ने मोटरसाईकिल सवार तीन युवकों को कुचल दिया। हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी जबकि एक अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गया।

---

छपरा नगर थाना परिसर में पुलिस वाहन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गयी। वहीं, बांका जिले के धोरैया थाना क्षेत्र अन्तर्गत बसबिट्टा गांव में एक ई–रिक्शा की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गयी।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने नीतीश मंत्रिमंडल के सदस्यों के बीच विभागों के बंटवारे से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– सम्राट चौधरी गृह, बिजेन्द्र यादव वित्त संभालेंगे। जदयू कोटे से गृह हटा तो वित्त आया।

दैनिक जागरण ने इसी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– बिजेन्द्र यादव के पास सबसे अधिक पांच विभाग, विजय कुमार चौधरी को दी गयी चार की जिम्मेदारी।

प्रभात खबर ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा के बयान को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– पार्टी को बचाने के लिए बेटे को मंत्री बनया।

दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– म्यांमार से साईबर गुलामी के शिकार तीन सौ साठ भारतीय मुक्त कराये गये, इनमें छह बंधक बिहार के रहने वाले।

राष्ट्रीय सहारा और आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने चार नई श्रम संहिता लागू होने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. नवगठित एनडीए सरकार के छब्बीस मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को मिली गृह विभाग की अहम जिम्मेदारी।

02. जदयू के बिजेन्द्र प्रसाद यादव वित्त और ऊर्जा समेत पांच विभागों के काम संभालेंगे। भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल को मिला उद्योग विभाग।

03. बेहतर वेतन, जन सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा के वादे के साथ देश में नई श्रम संहिताएँ लागू।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान– कल से होगी ठंड में बढ़ोतरी। न्यूनतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की आ सकती है गिरावट।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।